नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

संस्कृत सप्ताह समारोह गुरुवार से

कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र करेंगे सप्ताह का उदघाटन

वर्धा, 22 अगस्त 2018: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय का संस्कृत विभाग एवं संस्कृत भारती, वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय में संस्कृत सप्ताह का आयोजन 23 से 29 अगस्त को किया जा रहा है। समारोह का उदघाटन गरुवार, 23 अगस्त को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र की अध्यक्षता में श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन में प्रातः 11 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व आचार्य प्रो. चांद किरण सलूजा, सारस्वत अतिथि के रूप में प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, साहित्य विद्यापीठ की अधिष्ठाता प्रो. प्रीति सागर तथा विशेष उपस्थिति के रूप में संस्कृत भारती, वर्धा के विदर्भप्रांत सहमंत्री संजीव लाभे एवं कार्यकारी कुलसचिव प्रो. के. के. सिंह उपस्थित रहेंगे।

सप्ताह का समापन कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र की अध्यक्षता में बुधवार 29 अगस्त को अपराह्न 3 बजे किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि होंगे कवि कुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय, रामटेक के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेडी। सारस्वत अतिथि के रूप में प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, साहित्य विद्यापीठ की अधिष्ठाता प्रो. प्रीति सागर तथा विशेष उपस्थिति के रूप में संस्कृत भारती, वर्धा के विदर्भप्रांत सहमंत्री संजीव लाभे एवं कार्यकारी कुलसचिव प्रो. के. के. सिंह उपस्थित रहेंगे। समारोह में उपस्थित रहने का आहवान संयोजक लेखराम दन्नाना, सहसंयोजक डॉ. भरत कुमार पण्डा, आयोजन समिति की डॉ. सुधा त्रिपाठी, डॉ. श्रीनारायण सिंह, डॉ. वागीश राज शुक्ल एवं संस्कृत भारत के सदस्यों ने किया है।